# गद्य-1 बातचीत

---

**1. बालकृष्ण भट्ट किस काल के रचनाकार हैं?**

(A) आदिकाल

(B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल

(D) आधुनिक काल | **Ans- (D)**

**2. "बातचीत" शीर्षक निबंध के निबंधकार हैं-**

(A) जयप्रकाश नारायण

(B) मोहन राकेश

(C) नामवर सिंह

(D) बालकृष्ण भट्ट | **Ans- (D)**

**3. बालकृष्ण भट्ट किस युग के रचनाकार हैं?**

(A) भारतेन्दु युग

(B) प्रेमचन्द युग

(C) द्विवेदी युग

(D) इनमें से कोई नहीं | **Ans- (A)**

**4. शीर्षक 'बातचीत' किसके द्वारा लिखा गया है?**

(A) रामधारी सिंह दिनकर

(B) जयप्रकाश नारायण

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) भगत सिंह | **Ans- (C)**

**5.बातचीत' भाषा की कौन सी विधि हैं?**

(A) कहानी

(B) निबंध

(C) पत्र

(D) आलोचना | **Ans- (B)**

**6. बाल कृष्ण भट्ट का जन्म कब हुआ था?**

(A) 23 जून, 1844

(B) 22 जून, 1855

(C) 23 जून, 1855

(D) 22 जून, 1844 | **Ans- (A)**

**7. बालकृष्ण भट्ट का निवास स्थान कहाँ है?**

(A) मह्, मध्य प्रदेश

(B) इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश

(C) पटना

(D) रांची, झारखंड | **Ans- (B)**

**8. बालकृष्ण भट्ट की मृत्यु कब हुई थी?**

(A) 10 जुलाई, 1914

(B) 20 जुलाई, 1914

(C) 10 जून, 1914

(D) 20 जून, 1914 | **Ans- (B)**

**9. बालकृष्ण भट्ट ने अपना अध्ययन किस भाषा में किया?**

(A) हिंदी

(B) पंजाबी

(C) अंग्रेजी

(D) संस्कृत | **Ans- (D)**

**10. बालकृष्ण भट्ट स्वभाव से कैसे थें?**

(A) उग्र

(B) चंचल

(C) शांत

(D) सरल | **Ans- (A)**

**11. बालकृष्ण भट्ट के प्रेरक व्यक्ति कौन थे?**

(A) भगत सिंह

(B) महात्मा बुद्ध

(C) कृष्ण

(D) भारतेंदु हरिश्चंद्र | **Ans- (D)**

**12. 1877 में 'हिंदी प्रदीप' नामक मासिक पत्रिका किस सभा द्वारा संपादित थी?**

(A) हिंदी वर्द्धिनी सभा

(B) हिंदी शब्दकोश सभा

(C) राज्य सभा

(D) हरिश्चंद्र सभा | **Ans- (A)**

**13. हिंदी प्रदीप' नामक मासिक पत्रिका किसके द्वारा निकाला गया था?**

(A) बालकृष्ण भट्ट

(B) ज्ञानेंद्रपति

(C) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

(D) वाल्मीकि | **Ans- (A)**

**14. हिंदी प्रदीप' क्या था?**

(A) दैनिक पत्रिका

(B) मासिक पत्रिका

(C) साप्ताहिक पत्रिका

(D) वार्षिक पत्रिका | **Ans- (B)**

**15. हिंदी प्रदीप' कितने वर्षों तक चली थी?**

(A) 33 वर्ष

(B) 66 वर्ष

(C) 36 वर्ष

(D) 63 वर्ष | **Ans- (A)**

**16. बालकृष्ण भट्ट को 'हिंदी शब्दकोश' के संपादन के लिए किसने और कहाँ आमंत्रित किया?**

(A) शिवा रामदास, काशी

(B) राजा चौधरी, गुजरात

(C) श्यामसुंदर दास, काशी

(D) कृष्ण सुंदर दास, गुजरात | **Ans- (C)**

**17. बालकृष्ण भट्ट 'हिंदी शब्दकोश' से अलग क्यों हो गए?**

(A) अस्वस्थ होने के कारण

(B) अच्छे व्यवहार ना होने के कारण

(C) मृत्यु होने के कारण

(D) इनमें से कोई नहीं | **Ans- (B)**

**18. बालकृष्ण भट्ट किस युग के रचनाकार थे?**

(A) प्रारंभिक युग

(B) मध्य युग

(C) भारतेंदु युग

(D) आधुनिक युग | **Ans- (C)**

**19. बालकृष्ण भट्ट .................. थें?**

(A) उपन्यासकार

(B) नाटककार

(C) निबंधकार

(D) गधकार | **Ans- (D)**

**20. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने निबंधकार के रूप में बालकृष्ण भट्ट को किस श्रेणी में रखा है?**

(A) अंग्रेजी साहित्य के एडिसन

(B) अंग्रेजी साहित्य के स्टील

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं | **Ans- (C)**

**21. हिंदी प्रदीप’ में किन विषयों पर निबंध लिखे गए?**

(A) सामाजिक – साहित्यिक

(B) नैतिक – राजनीतिक

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं | **Ans- (C)**

**22. वाक्शक्ति के बिना सृष्टि कैसी होती?**

(A) लुंज – पुंज

(B) अवाक्

(C) गूंगी

(D) इंद्री हीन | **Ans- (C)**

**23. वाक्शक्ति के बिना हम अपनी अनुभव को कैसे व्यक्त करते?**

(A) बोल कर

(B) सुन कर

(C) दूसरी इंद्रियों द्वारा

(D) उपर्युक्त सभी | **Ans- (C)**

**24. वाक्शक्ति क्या है?**

(A) ईश्वर का वरदान

(B) मनुष्य की भाषा

(C) मनुष्य शक्ति

(D) प्राणियों की शक्ति | **Ans- (A)**

**25. वाक्शक्ति के बिना सभी लोग कैसे होते?**

(A) गूंगे

(B) लुंज – पुंज

(C) बहरे

(D) सुखी | **Ans- (B)**

**26. बातचीत में वाक्शक्ति के कितने फायदों को बताया गया है?**

(A) तीन

(B) चार

(C) एक

(D) दो | **Ans- (D)**

**27. स्पीच से किसका ढंग निराला है?**

(A) निबंध

(B) वाक्शक्ति

(C) बातचीत

(D) वक्ता | **Ans- (C)**

**28. किसमें नाज-नखरा जाहिर करने का मौका नहीं दिया जाता है?**

(A) बातचीत

(B) निबंध

(C) स्पीच

(D) उपर्युक्त सभी | **Ans- (A)**

**29. हँसी की अंतिम सीमा क्या है?**

(A) जोर जोर से हंसना

(B) मुस्कुराना

(C) होठों का केवल फड़कना

(D) कोई नहीं | **Ans- (C)**

**30. स्पीच का उद्देश्य क्या है?**

(A) मन में जोश और उत्साह पैदा करना

(B) लोगों को प्रभावित करना

(C) नाज नखरा दिखाना

(D) कोई नहीं | **Ans- (A)**

**31. मन रमाने का ढंग किसमें है?**

(A) स्पीच

(B) बातचीत

(C) (A) और (B) दोनों

(D) संगीत में | **Ans- (B)**

**32. 16 वर्ष तक मनुष्य का मुख देखने को किसे नहीं मिला?**

(A) राबिंसन क्रूसो

(B) रविंद्र क्रूसो

(C) राजा क्रूसो

(D) रमेश क्रूसो | **Ans- (A)**

**33. मनुष्य का गुण और दोष कैसे पता चलता है?**

(A) बोलने से

(B) पत्र – व्यवहार

(C) पढ़ने से

(D) लिखने से | **Ans- (A)**

**34. बातचीत की सीमा क्या है?**

(A) दो व्यक्ति

(B) पाँच व्यक्ति

(C) मीटिंग या सभा

(D) अपने परिवार से | **Ans- (C)**

**35. वाक्शक्ति के किन दो फायदों को बताया गया है?**

(A) स्पीच, निबंध

(B) बातचीत, निबंध

(C) भाषण, बातचीत

(D) स्पीच, बातचीत | **Ans- (D)**

**36. लोगों के मन का मैल किसके द्वारा साफ होता है?**

(A) गंगा स्नान से

(B) पूजा करने से

(C) बातचीत से

(D) स्पीच से | **Ans- (C)**

**37. “बोलने से ही मनुष्य के रूप का साक्षात्कार होता है”, यह किसने कहा है?**

(A) रॉबिंसन

(B) बेन जानसन

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) रामधारी सिंह | **Ans- (B)**

**38. “असल बातचीत सिर्फ दो व्यक्तियों के बीच हो सकती है।”, यह किसने कहा है?**

(A) एडिसन

(B) बेन जॉनसन

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) रॉबिंसन क्रूसो | **Ans- (A)**

**39. बातचीत के प्रभाव को किन उदाहरण द्वारा समझाया गया है?**

(A) गर्म और ठंडा

(B) दूध और पानी

(C) विद्‌युत

(D) गर्म दूध और ठंडा पानी | **Ans- (D)**

**40. तीन लोगों के बीच हुई बातचीत कैसी होती है?**

(A) अंगूठी में नग सी जड़ी

(B) संजीदगी

(C) फॉर्मेलिटी

(D) बेतकल्लुफी | **Ans- (A)**

**41. असल बातचीत कितने लोगों के बीच होती है?**

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच | **Ans- (A)**

**42. चार लोगों के बीच होने वाली बातचीत कैसी होती है?**

(A) संजीदगी

(B) गौरव

(C) फॉर्मेलिटी

(D) बेतकल्लुफी | **Ans- (D)**

**43. चार से अधिक लोगों की बातचीत क्या कहलाती है?**

(A) फॉर्मेलिटी

(B) संजीदगी

(C) त्रिकोण

(D) राम-रमौवल | **Ans- (D)**

**44. बातचीत के कितने भेद हैं?**

(A) चार

(B) दस

(C) पच्चीस

(D) अनेक | **Ans- (D)**

**45. रस का समुंद्र किनके बातों में उमड़ता है?**

(A) बुढ़ियों में

(B) नौजवानों में

(C) छात्रों में

(D) दो सहेलियों में | **Ans- (D)**

**46. बुड्ढों की बातचीत कैसी होती है?**

(A) शिकायत

(B) चार सच – दस झूठ

(C) नौजवानों की निंदा

(D) उपर्युक्त सभी | **Ans- (D)**

**47. खोढ़े दाँत निकाल कर कौन लड़ते हैं?**

(A) बुढ़िया लोग

(B) स्कूल के लड़के

(C) गुरु

(D) बुड्ढे लोग | **Ans- (A)**

**48. बात करने का हुनर किन लोगों में है?**

(A) यूरोप

(B) भारत

(C) गाँव

(D) अमेरिका | **Ans- (A)**

**49. बातचीत की पूर्ण शोभा किसमें है?**

(A) स्पीच और लेख

(B) काव्यकला प्रवीण विद्वन्मंडली

(C) (A) और (B) दोनों

(D) कोई नहीं | **Ans- (B)**

**50. सुहृद गोष्ठी किसका नाम है?**

(A) आर्ट ऑफ कनवरसेशन

(B) चतुराई से बात करने

(C) हृदय के सुख

(D) कान के सुख | **Ans- (B)**

**51. सुहृद गोष्ठी को आधुनिक बातचीत में क्या कहते हैं?**

(A) हृदय का सुख

(B) आवेग हीन

(C) चतुराई

(D) शास्त्रार्थ | **Ans- (D)**

**52. प्रपंचात्मक संसार का एक बड़ा भारी आईना क्या है?**

(A) हमारी भीतरी मनोवृति

(B) बातचीत

(C) स्पीच

(D) संसार | **Ans- (A)**

**53. कतरनी के समान सदा स्वच्छंद क्या चला करती है?**

(A) बातचीत

(B) दिमाग

(C) जिह्वा

(D) कैंची | **Ans- (C)**

**54. शक्ति परम पूज्य मंदिर है, परमार्थ का एक मात्र सोपान क्या है?**

(A) बातचीत

(B) ईश्वर का मंदिर

(C) मनोवृति

(D) अपनी जिह्वा को काबू में रखना | **Ans- (D)**

**55. 'बातचीत' शीर्षक निबंध के अनुसार जो कुछ मवाद या धुआँ जमा रहता है, वह भाप बनकर निकल पड़ता है। कैसे?**

(A) बहस करके

(B) झगड़ा करके

(C) बातचीत के जरिए

(D) हँसने से | **Ans- (C)**

**56. 'जैसा काम वैसा परिणाम' किस लेखक द्वारा रचित प्रहसन है?**

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(B) जयप्रकाश नारायण

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) मोहन राकेश | **Ans- (C)**

**57. बालकृष्ट भट्ट के पिता का क्या नाम था?**

(A) देनी प्रसाद भट्ट

(B) बेनी प्रसाद भट्ट

(C) टेनी प्रसाद भट्ट

(D) सैनी प्रसाद भट्ट | **Ans- (B)**

**58. 'दमयंती स्वयंवर' किस लेखक की रचना है?**

(A) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(B) मलयज

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) भगत सिंह | **Ans- (C)**

**59. बालकृष्ण भट्ट की रचना बातचीत क्या है?**

(A) एकांकी

(B) कहानी

(C) यात्रा संस्मरण

(D) ललित निबंध | **Ans- (D)**

**60. मनुष्य की बातचीत का उत्तम तरीका क्या है?**

(A) विद्वतापूर्ण बात करना

(B) तर्कपूर्ण बात करना

(C) भीड़ से बात करना

(D) अवाक् होकर अपने से बातचीत करना | **Ans- (D)**

**61. 'संवाद' में सबसे महत्त्वपूर्ण क्या है?**

(A) तर्क

(B) जिज्ञासा

(C) आत्मीयता

(D) प्रवाहपूर्ण भाषा | **Ans- (C)**

**62. 'संयोगिता स्वयंबर' रचना है —**

(A) बालकृष्ण भट्ट की

(B) प्रतापनारायण मिश्र की

(C) श्रीनिवास दास की

(D) मैथिलीशरण गुप्त की | **Ans- (C)**

**63. कौन-सी रचना बालकृष्ण भट्ट की नहीं है?**

(A) नूतन ब्रह्मचारी

(B) सौ अजान एक सुजान

(C) सद्भाव का अभाव

(D) परीक्षा गुरु | **Ans- (D)**

**64. कौन-सी रचना बालकृष्ण भट्ट की है?**

(A) रेल का विकट खेल

(B) कछुआ धरम

(C) रेणुका

(D) प्राच्यविद्या | **Ans- (A)**

**65. बालकृष्ण भट्ट ने कौन-सा मासिक पत्र निकाला था?**

(A) प्रताप

(B) कर्मवीर

(C) हिन्दी प्रदीप

(D) ज्योत्सना | **Ans- (C)**

**66. राबिंसन क्रूसो ने 16 वर्ष के उपरांत किसके मुख से एक बात सुनी?**

(A) फ्राइडे के

(B) सन्डे के

(C) एडीसन के

(D) स्टील के | **Ans- (A)**

**67. बातचीत के माध्यम से बालकृष्ण भट्ट क्या बतलाना चाहते है?**

(A) बातचीत की शैली

(B) भाषण की शैली

(C) संवाद की शैली

(D) इनमें से कोई नहीं | **Ans- (A)**

**68. भट्टजी को किसने अँगरेजी साहित्य के एडीसन और स्टील की श्रेणी में रखा है?**

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) डॉ० नगेंद्र

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) रामविलास शर्मा | **Ans- (C)**

**69. बालकृष्ण भट्ट ने किस पत्रिका का सम्पादन किया?**

(A) आर्यावर्त्त

(B) हुँकार

(C) हिन्दी प्रदीप

(D) पंजाब केसरी | **Ans- (C)**

**70. बालकृष्ण ने 'हिन्दी प्रदीप' नामक मासिक पत्रिका निकालना कब प्रारम्भ किया?**

(A) 1877

(B) 1888

(C) 1890

(D) 1894 | **Ans- (A)**

**71. कौन-सी रचना बालकृष्ण भट्ट द्वारा रचित नहीं है?**

(A) पद्मावती

(B) वेणी संहार

(C) मेघदूतम्

(D) मेघनाथ वध | **Ans- (C)**

**72. कौन-सा उपन्यास बालकृष्ण भट्ट द्वारा रचित है?**

(A) मैला आँचल

(B) गोदान

(C) सौ अजान एक सुजान

(D) अंतराल | **Ans- (C)**

**73. नाटक के प्रारम्भ में होने वाले मंगल पाठ को क्या कहा जाता है?**

(A) भजन

(B) नांदी पाठ

(C) मंगलाचरण

(D) आरती | **Ans- (B)**

**74. बातचीत से किस प्रकार का हो जाता है?**

(A) क्रोधपूर्ण मन

(B) भारी और बोझिल

(C) हल्का और स्वच्छ

(D) इनमें से कोई नहीं | **Ans- (C)**

**75. किसके न होने से सृष्टि गूँगी प्रतीत होती है?**

(A) श्रवणशक्ति

(B) वाक्शक्ति

(C) दिव्यशक्ति

(D) स्मरणशक्ति | **Ans- (B)**

**76. 'आर्ट ऑफ कनवरसेशन' कहाँ के लोगों में सर्वाधिक प्रचलित है?**

(A) अफ्रीका के

(B) भारत के

(C) यूरोप के

(D) कनाडा के | **Ans- (C)**

**77. 'सौ अजान एक सुजान' उपन्यास के लेखक है?**

(A) रघुवीर सहाय

(B) जयप्रकास नारायण

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) मोहन राकेश | **Ans- (C)**